Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:47 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 144 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 28 नवंबर 2024

हाउसफुल 5' की शूटिंग का...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### एसपी सिटी मनोज कत्याल का तबादला नरेंद्र नगर पीटीसी, नेगी होंगे एसपी सिटी

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड शासन ने 5 आईपीएस और 14 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए है। पीपीएस अधिकारियों में ऊधमसिह नगर से एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल को नरेंद्र नगर पीटीसी भेजा गया है। उनकी जगह 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर से उत्तम सिंह नेगी को ऊधम सिंह नगर जिले का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। जबकि हरिद्वार से स्वतंत्र कुमार सिंह को 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर का अपर सेनानायक बनाया गया है। मिथिलेश कुमार सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक सतर्कता बनाया गया है।

### प्रशासन की ई- रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक

**हल्द्वानी।** शहर में प्रशासन और पुलिस ने शहर में संचालित ई रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें उन्हें कड़े निर्देश दिए गए है। प्रशासन ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि 1 दिसंबर से कोई भी ई रिक्शा स्टेट हाइवे और नेशनल हाइवे पर नहीं चलेगा। यह निर्णय शहर में बढ़ते ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया है। बैठक के दौरान प्रशासन ने सभी ई रिक्शा स्वामियों को अपने वाहनों का सत्यापन करने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा ई रिक्शा स्वामियों को यह भी आदेश दिए गए कि उन्हें प्रशासन द्वारा निर्धारित वर्दी पहननी होगी, जो कि उनके परिचय के तौर पर काम करेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि 1 दिसंबर तक ई रिक्शा स्वामी इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो उन्हें दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना होगा। प्रशासन और पुलिस ने ई रिक्शा स्वामियों को चेतावनी दी है कि 1 दिसंबर से वे सभी नियमों का पालन करें, अन्यथा प्रशासन द्वारा रोजाना चेकिंग अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान बिना किसी रियायत के होगा, और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी सजा दी जाएगी।

## 31 मार्च तक विशेष अभियान चलाकर बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में शत-प्रतिशत लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिलेवार कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसके लिए सभी जिलों के सीएमओ को निर्देश दिए गए हैं। कार्ड बनाने के लिए 31 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक के भी कार्ड बनाए जाएंगे।

बुधवार को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के सभागार में स्वास्थ्य



मंत्री ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर सीएमओ को फटकार लगाई। उन्होंने कहा, प्रदेश में 23.89 लाख परिवारों के 97.11 लाख लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से अभी तक 53.61 लाख के ही आयुष्मान कार्ड बन पाए हैं। 4.73 लाख कर्मचारियों व पेंशनरों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के करीब दो हजार वरिष्ठ नागरिकों के ही आयुष्मान कार्ड बने।

स्वास्थ्य मंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों व सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों का उपचार करने के लिए और बेहतर रणनीति बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में गोल्डन कार्ड में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने, 108 आपातकालीन सेवा के सुधारीकरण, मेडिकल कॉलेजों व राजकीय अस्पतालों में विभिन्न संवर्गों में खाली पदों को भरने सहित कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के चेयरमैन अरविंद सिंह ह्यांकी, अपर सचिव व प्राधिकरण के सीईओ आनंद श्रीवास्तव, अपर सचिव स्वास्थ्य स्वाति भदौरिया, नमामि बंसल, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. तारा आर्य, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


**एलबीएस अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे शिरकत**

## मसूरी दौरे पर केंद्रीय गृहमंत्री

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

गृहमंत्री अमित शाह आज एलबीएस अकादमी पहुंचेंगे। हेलीपैड से लेकर एलबीएस अकादमी तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं। पूरे रूट पर जितने भी घर और होटल हैं सभी की छतों पर भी सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। गृहमंत्री के मसूरी दौरे को लेकर बुधवार को पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने फ्लीट रिहर्सल भी किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शहर कोतवाल अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री के



दौरे को चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

हेलीपैड से लेकर एलबीएस अकादमी तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां तैनात रहेंगी। पूरे रूट पर जितने भी घर और होटल हैं सभी की छतों पर भी सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। अस्पताल में भी इमरजेंसी व्यवस्था की गई है। गृहमंत्री साढ़े बारह बजे अकादमी पहुंचेंगे और तीन बजकर 55 मिनट पर वापस जाने का कार्यक्रम है। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के साथ ही बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसपीजी सहित अन्य एजेंसियां तैनात हैं।

## खुशी की लहर : जेजीएन चीनी मिल सितारगंज ने रचा इतिहास, एक सप्ताह में किया गन्ना मूल्य भुगतान

**सितारगंज**
**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि चीनी प्रबंधन ने अपने वादे के अनुसार किसानों को नियमानुसार समय से पहले ही 18 नवंबर से 20 नवंबर तक क्रय किये गये गन्ना मूल्य का भुगतान सम्बन्धित समितियों सितारगंज एवं खटीमा को 25 नवंबर को 51 लाख रूपये का भुगतान कर दिया गया है जो कि गत वर्ष के पेराई सत्र में किये गये गन्ना मूल्य भुगतान से भी त्वरित गति से किया गया।

उन्होंने बताया कि जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड गई। किसान गन्ने उत्पादन की ओर प्रोत्साहित होंगे। डीएम ने किसानों से उन्नतशील प्रजातियों की बुआई करने तथा मिल को साफ सुथरा गन्ना आपूर्ति करने के लिए अपील की। साथ ही आश्वसन दिया कि गन्ने का भुगतान इसी प्रकार नियमानुसार त्वरित गति से किया जाता रहेगा।

डीएम ने कहा कि किसानों की खुशी में देश की खुशहाली है, कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश का किसान सशक्त व खुशहाल हो तभी प्रदेश भी उन्नति के नए शिखरों तक पहुंचेगा, इसी क्रम में यह एक शुरूआत है आगे भी इसी प्रकार किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान किया जाएगा।

अन्य फसलों हेतु भी प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही प्रयासों से उत्तराखंड में कृषि की दशा एवं दिशा में सकारात्मक बदलाव लाये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के किसानों की आय दुगुनी करने संकल्प को सिद्ध करने के लिए प्रदेश सरकार पूर्णत: प्रतिबद्ध है।



प्रतीक फोटो

## कंस्ट्रक्शन के दौरान दीवार ढही, मलबे में दबे चार मजदूर, तीन की मौत

**जालोर, एजेंसी।** जालोर जिले के सायला में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक सायला उपखंड क्षेत्र के पोषाणा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्माण कार्य के दौरान अचानक दीवार गिरने से चार मजदूर दीवार के मलबे के नीचे दब गए, जिसमें तीन मजदूर की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलते ही सायला पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद पुलिस ने जेसीबी ग्रामीणों की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद घायल को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं पुलिस ने मलबे के नीचे दबे अन्य मजदूरों को भी बाहर निकलवाया। जिसमें तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मृतक मजदूरों के शव को कब्जे में लेकर राजकीय अस्पताल सायला की मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि मृतक तीन मजदूर बाड़मेर जिले के निवासी हैं, जबकि एक जालोर जिले का निवासी है।

## मनचले की छेड़छाड़ से परेशान नर्स ने अस्पताल जाना किया बंद

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

शहर में महिलाओं युवतियों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है मनचले की छेड़छाड़ और धमकियों से परेशान होकर एक नर्स ने चिकित्सालय जाना छोड़ दिया। मनचला अपने आपको गैंगस्टर बता करीब 10 दिनों से नर्स का पीछा कर रहा है। साथ ही उसे व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर धमका भी रहा है। पीड़ित महिला नर्स के पति ने मुखानी थाना पहुंच कर आरोपी मनचले के खिलाफ तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाला एक युवक खुद को गैंगस्टर का आरोपी बताता है उन्हें और उनकी पत्नी को मोबाइल पर मैसेज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। और गाली-गलौज कर रहा है। पीड़ित का कहना है कि उनकी पत्नी सरकारी अस्पताल में नर्स है। आरोप लगाया कि एक मनचला उनकी पत्नी समेत परिवार के अन्य सदस्यों का पीछा कर आरोपी मानसिक रूप से उन्हें परेशान कर रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बुधवार को वह अपनी पत्नी के साथ ऑटो से बाजार जा रहे थे। इस दौरान आरोपी ने टेंपो के आगे अपनी गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया और उनका मोबाइल छीनने की कोशिश की। जब दंपति ने विरोध किया तो आरोपी हाथापाई करने लगा। मुखानी थाना प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। आरोपी मनचला जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## नियमों के उल्लंघन पर 15 बैंकट हॉल संचालकों को नोटिस

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने शहर में संचालित विभिन्न बैंकट हॉल, टेंट हाउस, डीजे संचालकों और बैंड बाजा के संचालकों के साथ बैठक के बाद देर रात पुलिस ने कई बैंक्वेट हॉलो का निरीक्षण किया। जिसमें बरेली रोड, रामपुर रोड, नवाबी रोड, नैनीताल रोड, मुखानी में कई बैंकट हॉलो को नोटिस जारी किया है।

चैकिंग के दौरान 15 बैंकट हॉल संचालकों को निर्देशों के अनुपालन के लिए नोटिस दिए गए तथा नियमों का उल्लंघन किये जाने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। यह अभियान जनता की सुरक्षा, शांति एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए किया



गया है

**वाहन पार्किंग व्यवस्था-** विवाह समारोह में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था बैंकट हॉल परिसर में ही सुनिश्चित की जाए। सड़क पर वाहन खड़ा करना सख्त वर्जित।

डीजे और साउंड ट्राली पर प्रतिबंध- रात 10 बजे के बाद डी जे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बैंड बाजा के साउंड ट्राली के प्रयोग पर प्रतिबंध।

**सूचना देना अनिवार्य-** शादी समारोह की सूचना निकटतम थाने में देना अनिवार्य।

सीसीटीवी और सुरक्षा उपाय- बैंकट हॉल में सीसीटीवी कैमरे लगाना और प्रवेश द्वार पर रिबन काटने की व्यवस्था सुनिश्चित करना।

**कर्मचारी सत्यापन-** सभी कर्मचारियों, कैटरिंग स्टाफ और बैंड बाजा कर्मियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य।

**हर्ष फायरिंग और अग्नि सीसीशमन सुरक्षा-** हर्ष फायरिंग सख्त रूप से प्रतिबंधित। अग्निशमन विभाग के मानकों का पालन करना अनिवार्य इस मौके पर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सी ओ नितिन लोहनी, कोतवाल राजेश कुमार, मुखानी थाना प्रभारी विजय मेहता सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# विरासत से छेड़छाड़ मामले पर रोष जताया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के विभिन्न संगठनों के जुड़े जागरुक लोगों के शिष्टमंडल ने बुधवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल में शामिल लोगों ने लंबे समय से जिला प्रशासन द्वारा नगर के सौंदर्यीकरण और सडक़ों के चौड़ीकरण के नाम पर ऐतिहासिक विरासतों को नष्ट करने अथवा उनके साथ छेड़छाड़ करने के मामले पर रोष जताया। शिष्टमंडल ने कहा कि हम चाहते हैं कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर ऐसे प्रयासों को तुरंत रोका जाए।



शिष्टमंडल ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को बताया कि जिला प्रशासन वर्ष 1873 में बने ऐतिहासिक महत्व के डाकघर को ध्वस्त करना चाहता है। माह जुलाई 2024 में जब इस आशय की सूचना हमें मिली तो नगर के सैकड़ों नागरिकों के हस्ताक्षरों से युक्त एक ज्ञापन हमें जिलाधिकारी वंदना सिंह को दिया, जिसमें यह अपील की गई थी कि नैनीताल की इस विरासत से छेड़छाड न की जाये। मगर प्रशासन अभी इस ऐतिहासिक महत्व की इमारत को ध्वस्त करने की पुरजोर कोशिश में लगा हुआ है, फि र विगत माह मालूम पड़ा कि तल्लीताल गांधी चौक से महात्मा गांधी और मल्लीताल रिक्शा स्टैण्ड से पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त की प्रतिमाओं को हटाया जा रहा है और भूगर्भीय दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील बलियानाले के ऊपर एक भारी कार पार्किंग बनायी जा रही है। इन योजनाओं की लेकर भी प्रशासन के सामने हमारे द्वारा आपत्ति दर्ज की गई। कहा कि 25 अक्टूबर को गांधी चौक पर गांधी जी की मूर्ति के पास एक दिवसीय धरना और उपवास भी किया गया। शिष्टमंडल के मुताबिक 18 नवम्बर को संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल और जिला विकास प्राधिकरण के सचिव के साथ विस्तार से बातचीत हुई और हमने तमाम तर्को के साथ दोनों अधिकारियों को विस्तार से समझाया कि ये सब काम ऐतिहासिक सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से कितने गलत और खतरनाक हैं, लेकिन जिला प्रशासन अभी भी अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। शिष्टमंडल ने आयुक्त रावत से कहा कि अब हमारी आशा आपसे ही जुड़ी है कि अपने अधिकार का उपयोग कर इन कार्यों को रुकवायें तथा नागरिकों एवं विशेषज्ञों की राय लेकर कोई वैकल्पिक रास्ता निकालें। शिष्टमंडल में राजीव लोचन साह,विनय साह, पद्मश्री प्रो.शेखर पाठक,डा. सरस्वती खेतवाल, प्रो.उमा भट्ट, गणेश सिंह बिष्ट, पान सिंह सिजवाली, लीला बोरा, माया चिलवाल, नीता पवार राणा, डा.शीला रजवार आदि शामिल थे।

## विभिन्न संगठनों ने निकाला कैंडिल मार्च

जिला प्रशासन की ओर से ऐतिहासिक इमारतों व प्रतिमाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए नगर के विभिन्न संगठनों से जुड़े जागरुक लोगों की ओर से 12 नवम्बर (मंगलवार) से तल्लीताल स्थित गांधी चौक के समक्ष शाम के वक्त पोस्टर लेकर व मोमबत्ती जलाकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। गुस्से का इजहार करने वालों में मुख्य रुप से राजीव लोचन साह, प्रो.उमा भट्ट,डा.शीला रजवार, लीला बोरा, डा.सरस्वती खेतवाल, मुन्नी तिवारी, कैलाश जोशी,जय,अजय,के.एल.साह तथा मोहन कांडपाल आदि शामिल हैं।

## मीठे में हेमा, नमकीन में कविता, नॉनवेज में भावना व फरहा को पहला स्थान

प्रतियोगिता में मीठे में हेमा रौतेला, नमकीन में कविता शाह, नॉनवेज में भावना रौतेला व फरहा हसन को पहला स्थान मिला। मीठे में दूसरा स्थान बसंती बिष्ट, नमकीन में दीपा खोलिया तथा नॉनवेज में शबनम को मिला जबकि तृतीय स्थान मीठे में सुमन पंत, नमकीन में गीता फर्त्याल, नॉनवेज में अनीता रौतेला को मिला। विशेष पुरस्कार शीला मेहता, रजनी चौधरी, नीमा जोशी, सुमन, गायत्री बिष्ट, शिल्पा देवी,वर्षा ,भगवती बिष्ट, शांति रावत, सुनीता कुमारी, अनीता रावत ने झटके। विजेता प्रतिभागियों को महाप्रबंधक कुमाऊं मंडल विकास निगम विजय नाथ शुक्ला द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आपस में मेलजोल बढ़ता है तथा हमारे आने वाली पीडिया हमारी संस्कृति से रूबरू होती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कुमाऊं मंडल विकास निगम इस प्रकार का आयोजन में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करेगा तथा भविष्य में निगम द्वारा यह आयोजन फ्लैट मैदान में आयोजित किया जाएगा।

## तेंदुए के हमले से महिला की मौत के बाद जागा वन महकमा

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के नौकुचियाताल के शिलौटी में बीते सोमवार की शाम को एक महिला को तेंदुए की ओर से निवाला बनाए जाने के बाद वन महकमा भी अब हरकत में आ गया है। विभाग की ओर से विभिन्न माध्यमों से ग्रामीणों को जागरुक किया जा रहा है।

वन विभाग की ओर से ग्राम बानना, भौर्सा, पस्तोला तथा पिनरो आदि ग्राम सभाओं में लाउडस्पीकर द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई है कि महिलाएँ अकेले वनो को ना जाएँ तथा सांयकाल व रात्रि के समय बाहर ना घूमे। साफ सफाई रखे तथा स्कूल के बच्चों को समूह में ही स्कूल भेजे जिससे क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना ना होने पाएं। वन कर्मचारियों में वन दारोगा दिनेश गोस्वामी, वन आरक्षी ललित जोशी, बीट वॉचर चन्द्रमोहन बिष्ट तथा योगेश बेलवाल व नारायण सम्मल शामिल थे। इन सभी की ओर से वनों में गश्त भी की जा रही है।



# कुमाऊं स्वास्थ्य निदेशक गुंज्याल की स्थाई नियुक्ति होने पर शुभकामनाएं दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं स्वास्थ्य निदेशक डॉ. नर सिंह गुंज्याल के कार्यवाहक से स्थाई नियुक्ति होने पर बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल के पीएमएस, चिकित्सकों और कार्यालय कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं।

बता दें कि डॉ. नर सिंह गुंज्याल ने 18 जुलाई 2024 को कुमाऊं स्वास्थ निदेशक के कार्यवाहक के रूप में पदभार ग्रहण किया था और आज से उनकी स्थाई रूप से कुमाऊं स्वास्थ निदेशक के पद पर नियुक्ति हुई है। जिस पर सभी ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

इस दौरान अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा, डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ. नरेंद्र रावत, डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल, डॉ. सुधांशु, डॉ. हर्षवर्धन पंत, डॉ. प्रशांत ओली, डॉ. आरुषि, डॉ. दीपिका, डॉ. गरिमा, डॉ. तनुजा, डॉ. अभिषेक, डॉ. राजेंद्र मेर, आरके जोशी, डीएस गंगोला, जेएस पवार, दिनेश चंद्र पांडे, चंदन, कविता कुटौला, हिमांगनी सहित कार्यालय के हिमांशु जोशी, अनिल कुमार, गौरव आदि मौजूद रहे।

# आयुष को डीजी एनसीसी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

05 यूके नेवल यूनिट एनसीसी के कैडेट आयुष डोगरा को उनकी अनुकरणीय उपलब्धियों के दृष्टिगत वर्ष 2024 के लिए प्रतिष्ठित डीजी एनसीसी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।



बता दें कि कुमाऊं विश्वविद्यालय में कमांडिंग ऑफि सर कैप्टन चंदर विजय नेगी और एनसीसी ऑफि सर सब लेफ्टिनेंट डॉ. रीतेश साह के मार्गदर्शन में आयुष ने कई एनसीसी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2024 में गार्ड ऑफ ऑनर के लिए उत्तराखंड के चार कैडेटों में से चुने गए। आयुष ने 29 फ रवरी से 8 अप्रैल 2024 तक आईएनएस सुजाता और आईसीजीएस सारथी पर एक विदेश यात्रा पूरी की। अखिल भारतीय नौ सैनिक शिविर (एआईएनएससी) 2023 के दौरान उनका प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण रहा जिसने उत्तराखंड की टीम को अन्य निदेशालयों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए अभूतपूर्व 24 स्वर्ण तथा 1 रजत और 10 कांस्य पदक हासिल करने के लिए प्रेरित किया।
बता दें कि अपने अनुशासन के लिए जाने जाने वाले आयुष ने अकादमिक रूप से कक्षा 10 में 80 फीसदी और कक्षा 12 में 83.4 फीसदी और शिविरों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। उन्हें सबसे उद्यमी नौसेना इकाई शिविर 2023 और वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 2023 में सर्वश्रेष्ठ कैडेट चुना गया। उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एआईएनएससी में स्वर्ण पदक और उनके नेतृत्व में ड्रिल, लाइन एरिया और टेंट पिचिंग के लिए पुरस्कार शामिल हैं। इस बीच कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत,कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल समेत डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा,डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत,मुख्य कुलानुशासक प्रो.हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. ललित तिवारी, डॉ. महेंद्र सिंह राणा तथा समस्त एनसीसी कार्मिक व एनसीसी कैडेटस तथा कुविवि परिवार ने आयुष को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाये प्रदान की हैं।

## NEWS / फटाफट

### नाली से निकली जाली से राहगीरों को खतरा, स्कूटी रपटी



**नैनीताल।** तल्लीताल जीआईसी व जेल गेट के बीच सड़क पर नाली से निकली जाली लोगों के लिए खतरा बन गई है। बीच सडक़ नाली के ऊपर जाली न होने से स्कूटी सवार पर्यटक गिर गया। गनीमत रही कि बाल बाल बच गया। बता दें कि लगभग एक महीने से नैनीताल हल्द्वानी रोड में जेल गेट के समीप बीच सडक में नाली के ऊपर लगाई जाली टूट गई है। जाली टूटने से वाहन के टायर नाली में घुसने का खतरा बना हुआ है। बीते दिनों कई वाहनों के टायर नाली में घुसने से लोग परेशान रहे। इसके बाद लोगों ने नाली में पत्थर डाल दिए। लेकिन सोमवार रात को एक स्कूटी का टायर गड्ढे में जाने से स्कूटी सवार गिर गया। गनीमत रही कि वह बाल बाल बच गया। रोजाना खतरे के बाद भी विभाग अनदेखी कर रहा है। एसएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि जल्द ही नाली में जाली लगा दी जाएगी।

### बिजली बिलों में राहत देने पर खुशी जताई

**नैनीताल** । भाजपा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने प्रदेश सरकार की ओर से बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत देने पर खुशी जताई है। बिष्ट ने कहा कि हर माह जिन उपभोक्ताओं का बिजली का बिल सौ यूनिट से कम आ रहा है उन उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है उनका बिल शून्य आ रहा है। बिष्ट ने इसके लिए प्रदेश की धामी सरकार का आभार जताया है। कहा कि इससे बिजली के सौ यूनिट से कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को काफी राहत मिल रही है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# 29 नवंबर से क्षेत्र पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे

**हल्द्वानी /देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले को छोड़कर अन्य 7,477 ग्राम पंचायतों में बुधवार शाम से प्रशासक नियुक्त कर दिए जाएंगे। ग्राम पंचायतों में सहायक विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक बनाया जाएगा, जबकि क्षेत्र पंचायतों में 29 नवंबर से प्रशासक नियुक्ति किए जाएंगे। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

सचिव चंद्रेश कुमार के जारी आदेश के मुताबिक, हरिद्वार जिले को छोड़कर राज्य की समस्त गठित ग्राम पंचायतों का 27 नवंबर को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जिनमें नई ग्राम पंचायतों के गठन या कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से छह महीने के भीतर जो भी पहले हो प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। जिलों के विकासखंड के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को प्रशासक नियुक्त करने के लिए संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को अधिकार दिया गया है। डीएम की ओर से नियुक्त प्रशासक निर्वाचित ग्राम पंचायत के कार्यकाल की समाप्ति पर ग्रहण करेंगे, जो नीतिगत निर्णय नहीं लेंगे एवं सामान्य रुटीन कार्यों को ही कर सकेंगे। जबकि, क्षेत्र पंचायतों में हरिद्वार जिले को छोड़कर अन्य सभी जिलों की क्षेत्र पंचायतों में 29 नवंबर से प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे। प्रशासक के रूप में एसडीएम को नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए भी जिलाधिकारियों को अधिकार दिया गया है। पंचायती राज निदेशक निधि यादव ने बताया कि आज बुधवार शाम ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होते ही प्रशासकों को नियुक्त कर दिया जाएगा। शासन ने जिलाधिकारियों को इसके लिए अधिकार दिया है।

# सडक़ों के सौंदर्यीकरण को लेकर नई कवायद शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पालिका की ओर से सडक़ों के सौंदर्यीकरण को लेकर नई कवायद शुरू की गई है। जिसके तहत हनुमानगढ़ से लेकर नैनीताल तक सडक़ किनारे पेंटिंग बनाकर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पालिका की ओर से क्षेत्र का निरीक्षण कर डीपीआर बनाने की कवायद शुरू कर दी है।



बता दें कि नैनीताल में दिन प्रतिदिन पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रशासन की ओर से प्रतिवर्ष शहर में सौंदर्यीकरण कार्य किए जाते हैं। वहीं पालिका की ओर से शहर में साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाएं बनाई जाती हैं। अब पालिका की ओर से पर्यटकों के आकर्षण के लिए एक नई पहल की जा रही है। जिसके चलते पालिका हनुमानगढ़ से नैनीताल तक दीवारों पर कुमाऊंनी परंम्परा व इतिहास से संबंधित चित्रकला बनवाएगी। जिससे शहर में प्रवेश करने से पहले ही पर्यटक यहां की सुंदरता को पेंटिंग के माध्यम से निहार पाएंगे। इससे दीवरों की सुंदरता तो बढ़ेगी ही साथ ही शहर के एक किलोमीटर पहले से ही पर्यटकों का ध्यान आकर्षित रहेगा। पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि पालिका की ओर से एक पहल की जा रही है। क्षेत्र का निरीक्षण कर रुपरेखा तैयार की जा चुकी है।पेंटिंग्स ना सिर्फ सडक़ के सौंदर्य में वृद्धि करेगी बल्कि यह शहर के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को भी दर्शायेगी। पालिका की ओर से स्थानीय कलाकारों को शामिल करने की योजना बनाई है। बताया कि इस कार्य के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है।

# अभिमत

## सेहत से खिलवाड़

***फलों को खरीदने, धोने और काट कर खाने को झंझट मानने वाले लोग पैक्ड फ्रूट जूस को आसान विकल्प मानते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने एडवाइजरी जारी की है कि बिना सोचे-समझे फलों के इन बाजारू रसों के सेवन से सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है और कई तरह की बीमारियां हो रही हैं। पैकेट वाले फूड्स पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ता का ध्यान आकर्षित करने के लिए और उन्हें इस बात पर राजी करने के लिए किए जा सकते हैं कि यह प्रोडक्ट सेहत के लिहाज से अच्छा है। ऐसा कोई भी सामान खरीदते वक्त उस पर स्वास्थ्य संबंधी दावे को ठीक से पढ़ना चाहिए।***

मध्यम वर्ग की कमाई बढ़ने के साथ ही पैक्ड फूड का सेवन तेजी से बढ़ रहा है। एनर्जी ड्रिंक के नाम से छोटी-छोटी प्लास्टिक की शीशियों में स्कूल, कालेज के बाहर तथा गलियों की दुकानों में पेय पदार्थ बेचे जा रहे हैं। दुकानें तरह-तरह के पैक्ड फलों के रसों से भरी पड़ी हैं। पैक्ड जूस की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। फलों को खरीदने, धोने और काट कर खाने को झंझट मानने वाले लोग पैक्ड फ्रूट जूस को आसान विकल्प मानते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने एडवाइजरी जारी की है कि बिना सोचे-समझे फलों के इन बाजारू रसों के सेवन से सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है और कई तरह की बीमारियां हो रही हैं। पैकेट वाले फूड्स पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ता का ध्यान आकर्षित करने के लिए और उन्हें इस बात पर राजी करने के लिए किए जा सकते हैं कि यह प्रोडक्ट सेहत के लिहाज से अच्छा है। ऐसा कोई भी सामान खरीदते वक्त उस पर स्वास्थ्य संबंधी दावे को ठीक से पढ़ना चाहिए। विशेषज्ञों की सलाह है कि रियल फ्रूट होने का दावा करने वाले उत्पाद में चीनी और अन्य तत्व मिले हो सकते हैं और उसमें असली फल का केवल 10 फीसदी तत्व हो सकता है। कंपनियां अपने खाद्य उत्पादों के बारे में गलत और आधे-अधूरे दावे करने के लिए लेबल का इस्तेमाल करती हैं। विशेषज्ञों की सलाह है कि साबुत फल अपने फाइबर और पोषक तत्वों की वजह से ज्यादा सेहतमंद विकल्प हैं। शीतल पेय जल का विकल्प नहीं हैं। कार्बोनेटेड और गैर-कार्बोनेटेड दोनों तरह के शीतल पेय पदार्थों से बचना चाहिए। इन पेय पदार्थों में चीनी, कृत्रिम मिठास, खाद्य अम्ल और कृत्रिम स्वाद हो सकते हैं, जो अधिक मात्रा में सेवन करने से हानिकारक साबित होते हैं। छाछ, नींबू पानी, पूरे फलों का रस (बिना चीनी मिलाए) और नारियल पानी पीना स्वास्थ्यवर्धक होता है। वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप के दौरान रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए डाक्टरों ने फलों के सेवन की सलाह दी। आलसी लोगों ने ताजे फलों को खाने तथा उनका जूस निकालने की जगह फल के रस के नाम पर रसायनयुक्त पैक्ड फ्रूट जूस खरीदकर सेवन किया। महीनों पुराने पैक्ड फ्रूट के जूस से बीमार होने का खतरा बढ़ा। बच्चों को कोल्ड ड्रिंक्स तथा पैक्ड फ्रूट जूस की आदत पड़ जाने से बीमार रहते हैं। पैक्ड फ्रूट जूस का अरबों रुपये का कारोबार है। विज्ञापन के माध्यम से झूठे दावे करके पैसा कमाया जा रहा है। जनजागरुकता से बीमारी पिलाने वाली कंपनियों पर रोक लगाना संभव है।

# पंतनगर विवि में 36वां दीक्षांत समारोह

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




बुधवार को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में 36वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल व कुलाधिपति ले.गुरमीत सिंह, सीडीएस अनिल चौहान,केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा,उत्तराखंड कृषि मंत्री गणेश जोशी सहित प्रगति किसान प्रेम चंद्र शर्मा मंचासीन रहे।

इस दौरान कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान ने विश्व विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने सीडीएस अनिल चौहान और कृषि के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले पद्मश्री से सम्मानित प्रेम चंद्र शर्मा को मानद उपाधि से नवाजा गया।

जिसके बाद एक छात्र को कुलाधिपति गोल्ड पदक सहित 1172 विद्यार्थियों को उपाधि और दीक्षा दी गई इस प्रगतिशील किसान पद्मश्री प्रेम चंद्र। इस अवसर पर सर्वोत्तम एक विद्यार्थी दीक्षा उप्रेती को कुलाधिपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कुलपति के 15 स्वर्ण पदक 12 रजत पदक एवं 12 कांस्य पदक भी विभिन्न विषय के सर्वोत्तम स्नातकों को प्रदान किये गए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए एक-एक विद्यार्थी पूरण आनन्द अदलखा अवार्ड, सरस्वती पांडा अवार्ड, श्रीमती नागम्मा शान्ताबाई अवार्ड, डा. राम षिरोमणि तिवारी अवार्ड, दो विद्यार्थी को चौधरी चरण सिंह मैमोरियल इंटेलेकच्यूअल अवार्ड एवं दो विद्यार्थी को भारत रत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त अवार्ड तथा डा. एएन मुखोपाध्याय गोल्ड से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा समेत अन्य मौजूद रहे।



## फर्जी दस्तावेज बनाकर अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशिप कर रहा प्रशिक्षु डॉक्टर पकड़ा

**देहरादून।** हरियाणा के रहने वाले प्रशिक्षु डॉक्टर राहुल ने इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया। जिसमें मेरी स्टेट यूनिवर्सिटी रसियन फाउंडेशन से मेडिकल शिक्षा प्राप्त करना बताया गया। हरियाणा के एक प्रशिक्षु डॉक्टर का फर्जी दस्तावेज बनाकर राजकीय मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा से इंटर्नशिप करने का मामला सामने आया। उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल ने दस्तावेजों के सत्यापन में इसका खुलासा किया। काउंसिल ने अल्मोड़ा कॉलेज के प्राचार्य को प्रशिक्षु डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. सुधीर पांडेय ने बताया कि हरियाणा के रहने वाले प्रशिक्षु डॉक्टर राहुल ने इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया। जिसमें मेरी स्टेट यूनिवर्सिटी रसियन फाउंडेशन से मेडिकल शिक्षा प्राप्त करना बताया गया। केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार विदेश से मेडिकल शिक्षा हासिल करने वाले डॉक्टरों की नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन (एनबीई) स्क्रीनिंग परीक्षा लेता है।

## 620 ग्राम चरस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाये जाने के अभियान के तहत जनपद में पुलिस का नशे के खिलाफ कार्रवाई एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश में चल रही है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और सीओ सितारगंज के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना पुलभट्टा के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को सघन चैकिंग के दौरान नदेली रोड बरी कट के पास पुलभट्टा क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

तलाशी लेने पर उसके पास से चरस बरामद की। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम तेजराम पुत्र नन्हेलाल निवासी ग्राम बरा थाना पुलभट्टा बताया । बरामद चरस 620 ग्राम है। गिरफ्तार तस्कर ने पुलिस को बताया कि पैसो के लालच मे चरस बेचने का काम करता हूँ । बरा बाजार मे बीडी तंबाकू का ठेला भी है।एक छोटा हाथी गाडी का ड्राईवर देकर जाता है जिसका नाम पता नहीं जानता। दस दिन में ठेले पर चरस देकर जाता है और वह थोक दाम में 1200 रुपये तौला के हिसाब से खरीदकर उसे 1600/- रुपये तौला के हिसाब से फुटकर में नशेडी लोगो को बेचने की बात बताई। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध थाना पुलभट्टा में 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। एसएसपी ने कहा कि नशे के विरूद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**कार्रवाई**

- जनपद के थाना पुलभट्टा पुलिस की कार्रवाई

**तस्कर से बरामद सामान-** 620 ग्राम चरस, 01 की पैड सैमसंग मोबाईल,540 रुपए।

टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा,चौकी प्रभारी बरा पंकज कुमार,अनिल कुमार,दीपक विष्ट आदि शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## हाउसफुल 5 की शूटिंग का आखिरी शेड्यूल हुआ शुरू



*हाउसफुल सीरीज की कॉमेडी फिल्में दर्शकों को खूब पसंद आती हैं। जल्द ही 'हाउसफुल 5' भी बड़े पर्दे पर नजर आएगी। हाल ही में इस फिल्म का आखिरी शूटिंग शेड्यूल शुरू हुआ है। हाउसफुल' सीरीज की अब तक की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है। यही कारण है कि लगातार इसके अगले पार्ट बन रहे हैं। 'हाउसफुल 5' भी लगभग बनने को तैयार है। हाल ही में फिल्म के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला की पत्नी वर्दा खान ने एक फैसबुक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी। साजिद नाडियाडवाला की पत्नी वर्दा खान ने अपनी एक फैसबुक पोस्ट में बताया कि 'हाउसफुल 5' का आखिरी शूटिंग शेड्यूल शुरू होगा गया है। साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी स्टार कास्ट की एक तस्वीर भी साथ में साझा की। हाउसफुल 5' में एक बड़ी स्टार कास्ट शामिल है। जिसमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, नाना पाटेकर, श्रेय तलपड़े, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, डिनो मोरिया जैसे कई नाम शामिल हैं। अक्षय और रितेश पहले रिलीज हो चुकी 'हाउसफुल' सीरीज का भी हिस्सा रहे हैं। दोनों की कॉमेडी को दर्शक काफी पसंद करते हैं। फिल्म 'हाउसफुल 5' में जैकलीन और नरगिस कॉमेडी के साथ ग्लैमरस भी एड करेंगी।*

### तरुण मनसुखानी कर रहे हैं डायरेक्शन

*इस फिल्म को तरुण मनसुखानी डायरेक्ट कर रहे हैं। इससे पहले वह 'ड्राइव' और 'दोस्ताना' जैसी बड़ी फिल्में बना चुके हैं। 'दोस्ताना' भी एक कॉमेडी फिल्म रही जिसे तरुण ने डायरेक्ट किया था। ऐसे में 'हाउसफुल 5' के साथ तरुण पूरा जस्टिस कर सकते हैं। यही वजह है कि साजिद नाडियाडवाला ने उन्हें इस फिल्म की जिम्मेदारी सौंपी है।*

## विज्ञान प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग में सौरभ मेहरा प्रथम स्थान पर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शिक्षा महकमे की ओर से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आरएए) के तहत आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग में नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र सौरभ सिंह मेहरा ने प्रथम स्थान हासिल कर कालेज का नाम जिले में रोशन किया। सौरभ को सीईओ पीएल टम्टा,सीडीओ अशोक कुमार पांडेय तथा प्रधानाचार्य डी.के.पंत ने सम्मानित किया।

बता दें सौरभ की ओर से प्रदर्शनी में सौर ऊर्जा संचालित झील सफाई नाव की ओर से करने का मॉडल प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था। सौरभ के मुताबिक नैनीताल की जीवनदायिनी नैनी झील अपनी सुंदरता के लिए जग प्रसिद्ध है लेकिन बढ़ते पर्यटन और शहरीकरण के कारण न केवल नैनी झील बल्कि अन्य झीलों में कचरा बढ़ता जा रहा है। प्लास्टिक और अन्य कचरे से झील की स्वच्छता और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए उनकी ओर से सौर ऊर्जा संचालित झील सफाई नाव का मॉडल तैयार किया है। यह नाव सौर पैनलों की मदद से ऊर्जा प्राप्त करती है और एक कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से पानी की सतह से कचरा इकट्ठा करती है। कन्वेयर बेल्ट में छोटे छिद्र हैं जिससे पानी आसानी से गुजर सके। नाव के सामने के हिस्से में सर्किटरी और मोटर रखी गई हैए जबकि पीछे का हिस्सा कचरा संग्रहण के लिए है। इसे बनाने में टब तथा पीवीसी पाइप और बेकार प्लाईवुड का उपयोग किया है। सौरभ की भविष्य की योजनाएं हैं कि वह नाव में सेंसर लगाकर इसे स्वचालित बनाया जाएगा तथा कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बांटने की प्रणाली जोड़ी जाएगी साथ ही नाव की निगरानी के लिए एलओटी तकनीक का उपयोग किया जाएगा। सौरभ की इस महत्वपूर्ण कामयाबी पर कालेज के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता उत्कर्ष बोरा, गणित प्रवक्ता शाहनवाज, विज्ञान शिक्षक निशा बनोला तथा गणित शिक्षक आलोक कुमार समेत कालेज परिवार ने सौरभ को बधाई दी और प्रसन्नता व्यक्त की है।

## News कॉर्नर

### मांगें पूरी न होने से नाराज आशा कार्यकर्ताओं का धरना

अल्मोड़ा। नियमितीकरण सहित अन्य मांगें पूरी न होने से नाराज आशा कार्यकर्ताओं ने सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के बैनर तले चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में धरना दिया। उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। मंगलवार को धरना स्थल पर हुई सभी में वक्ताओं ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है।

कई सालों से वह विभाग में सेवाएं देते आ रहा है लेकिन उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। मांगों को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों और सरकार तक गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि आशाओं का मानदेय 26 हजार रुपये किया जाना चाहिए। यदि मांगे शीघ्र पूरी न हुईं तो 29 नवंबर को दिल्ली में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने जिले की सभी आशाओं से दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन में शिरकत करने की अपील की। धरने पर विजयलक्ष्मी, मीना जोशी, आनंदी मेहरा, भगवती, कमला बिष्ट, रूपा देवी, पदमा पांडे, हेमा रानी, आयशा बेगम, गीता जोशी, इंदिरा भंडारी, पुष्पा देवी, सरोजिनी, किरण शाह, ममता वर्मा, ममता भट्ट, अंजलि, ममता आर्य, कविता, सीटू के जिला सचिव आरपी जोशी आदि बैठे।

### छात्रों पर आपत्तिजनक फब्तियां कसने का लगाया आरोप

काशीपुर। छात्राओं पर आपत्तिजनक फब्तियां कसने पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने संबंधित विभाग प्रशासन को शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोपी छात्रों पर अंकुश लगाने की मांग की है। बुधवार को छात्राओं के ग्रुप ने चीफ प्रॉक्टर डॉ. एमके सिन्हा, डॉ. महीपाल सिंह, डॉ. एमके जोशी, डॉ. भरत उपाध्याय से मुलाकात की। उन्होंने संस्थान प्रशासन को समस्या से अवगत कराया।

# केएमवीएन के सहयोग से माल रोड पर व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता





कुमाऊं मंडल विकास निगम के सहयोग से लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा बुधवार को नगर के माल रोड स्थित प्रतिष्ठित होटल सेंट्रल में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि प्रतियोगिता में नगर की 60 महिलाओं ने भाग लिया, प्रतिभागियों द्वारा प्रतियोगिता में 56 प्रकार व्यंजन तैयार किए गए। इन खास व्यंजनों में रस भात, गडेरी की सब्जी, बिच्छू का साग, मडुवे की रोटी, मडुवे का केक, भट्ट का जौला, पीनालू की सब्जी, कुमाऊंनी शिकार भात, भट्टू का मीट, झुमरी की खीर, ककड़ी का रायता, चोलिया रोटी तथा दही का ज्वाला आदि मुख्य रुप से शामिल थे। निर्णायक की भूमिका में संगीता साह, मीता साह व अंजू जगाती ने निभायी। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा एवं लेक सिटी वेलफेयर क्लब की पूर्व अध्यक्ष गीता शाह द्वारा लगाया गया स्टॉल रहा। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक दीपा पांडे एवं क्लब की उपाध्यक्ष अमिता शाह द्वारा मुख्य अतिथि महाप्रबंधक कुमाऊं मंडल विकास निगम विजय नाथ शुक्ला का शाल ओढाकर स्वागत किया गया। प्रतिभागियों को भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक आशीष बजाज द्वारा भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सह संयोजक सीमा सेठ, कंचन जोशी,क्लब की वरिष्ठ सदस्य हेमा भट्ट, रानी शाह, विनीता पांडे, नीरू शाह, आभा शाह, रमा भट्ट, दीपिका बिनवाल,डा. प्रगति जैन,कविता त्रिपाठी, प्रभा पुंडीर,मनप्रीत, सरिता त्रिपाठी, रेखा पंत,तनु सिंह, ज्योति वर्मा, मीनू बुधलाकोटी, नीलम गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के साहसिक पर्यटन अधिकारी ललित तिवारी भी मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका में संगीता साह, मीता साह व अंजू जगाती ने निभायी। संचालन मीनाक्षी कीर्ति द्वारा किया गया।

# सर्किट हाउस में जिला पंचायत सत्र की अन्तिम बैठक सम्पन्न

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



सर्किट हाउस काठगोदाम में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया की अध्यक्षता में जिला पंचायत सत्र की अन्तिम बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्ष जिला पंचायत तोलिया ने पांच वर्ष के कार्यकाल के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा जिला पंचायत द्वारा जनपद में विकास के अभूतपूर्व कार्य किये। उन्होने कहा वे क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लोगों से मुलाकात करती है तो लोगों द्वारा बताया जाता है कि जनपद में जिला पंचायत द्वारा काफी विकास कार्य किये गये। उन्होंने कहा कुछ विकास कार्यों को बजट के कारण विकास योजना पूर्ण नही हो पाई है आगामी बजट में कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे। उन्होंने कहा जिला पंचायत द्वारा स्वच्छता पर विशेष अभियान के तहत जनपद में अभूतपूर्व कार्य किये गये। बैठक में श्रीमती तोलिया ने सभी सदस्यो का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा पांच वर्षों में सभी सदस्यों का विकास योजनाओं को आमजनमानस तक पहुचाने में सहयोग प्राप्त हुआ। बैठक में 28 अगस्त 2024 की कार्यवाही की पुष्टि पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला पंचायत विकास योजना के वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित बजट लगभग 69 करोड का प्रस्ताव रखा गया। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य मनोनीत होने के पश्चात प्रथम बैठक 2 दिसम्बर 2019 को हुई थी। उन्होंने बताया कि वर्तमान जिला पंचायत का कार्यकाल 2 दिसम्बर 2024 को पूर्ण हो जायेगा। बैठक मे अपर मुख्य अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 69 करोड अनुमानित बजट का लेखा जोखा अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। बैठक में सभी सदस्यो ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं वित्तीय वर्ष में किये गये विकास कार्यो के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा जिन योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है वे कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिये जायेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, जिला पंचायत सदस्य किशोरी लाल,प्रेमबल्लभ बृजवासी, सागर पाण्डे,मीना चिलवाल, अनिल चनौतिया, गीता बिष्ट, मंजू आर्या,नवेदिता जोशी, रेखा भटट, दीपक मेलकानी,विपिन चन्द्रा तथा कमलेश चन्द्रा उपस्थित थे।

# घर में घुसकर धारदार हथियार और तमंचे से लैस दबंगों ने परिजनों पर हमला किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

दबंगई
- पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा

विगत रात्रि एक राय होकर लाठी डंडों व तमंचो लैस लोगों ने घर में घुसकर परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

खेड़ा वार्ड 19 निवासी रामप्रकाश पुत्र राम चरन ने पुलिस को बताया कि मौहल्ले में रहने वाले विजय हरि पुत्र रामचन्द्र, लक्ष्मण पुत्र जगदीश सिंह, दिलीप कुमार पुत्र श्यामलेश,लक्ष्मी पत्नी जगदीश सिंह, तुषार पुत्र विजयहरि,भोले पुत्र रामचन्द्र, सोनू पुत्र रामचन्द्र, सोनू पुत्र जगदीश सिंह उसके परिजनों से रंजिश रखते है और आये दिन झगडा कर गाली गलौच करते है। आरोप है कि 22 नवम्बर को सायं उसकी पुत्री मार्केट गयी थी। लौटते समय झील पुल के पास लक्ष्मण शिब्बू, विनोद, हैप्पी व दिलीप कुमार निवासी खेड़ा ने दोनों को घेर लिया और स्कूटी से नीचे गिराकर लात घूसो व डन्डों से बुरी तरह मारा पीटा। इस घटना की रिपोर्ट चौकी रम्पुरा में दी। जिसके बाद 25 नवम्बर को रात्रि वह घर के बाहरआग ताप रहा था तभी उक्त विजय हरि,लक्ष्मण, दिलीप कुमार , लक्ष्मी,तुषार , भोले , सोनू,सोनू ने घर के सामने आकर गाली गलौच की। विरोध किया तो सभी लोग जबरन घर के अन्दर घुस आये और एक राय होकर लाठी डन्डों व सरियों तथा लक्ष्मण अपने हाथ में तमन्चा लिये था ने मारपीट शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए कहने लगें पुलिस में शिकायत की तो परिणाम गंभीर होंगे। शोर शराबा मचाने पर आसपास के काफी लोग आ गये। उन्होंने बीच बचाव किया। मारपीट में विपिन,शीला व अन्य को गम्भीर चोटे आयी। आरोप है हमलावर जाते जाते नेहा का सोने का मंगलसूत्र भी छीन कर ले गये। पुलिस ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी।

# बार काउंसिल समिति ने विधि व्यवसाय के विरुद्ध आचरण पर तीन माह के लिए किया निलंबित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड बार काउंसिल की अनुशासन समिति ने एक अधिवक्ता द्वारा विधि व्यवसाय के विरुद्ध आचरण करने पर उन्हें तीन माह के लिये विधि व्यवसाय करने से निलंबित किया है ।

उत्तराखंड बार कौंसिल की अनुशासन समिति के अध्यक्ष डी. के. शर्मा तथा सदस्य नन्दन सिंह कन्याल व योजित सदस्य राम सिंह सम्मल के समक्ष अधिवक्ता हेम पाठक ने सिविल कोर्ट कम्पाउंड हल्द्वानी के अधिवक्ता बसन्त जोशी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई । शिकायत में बताया गया कि अधिवक्ता हेम पाठक के भाई संदीप पाठक का अपनी पत्नी बंटी उर्फ ईशिता के साथ विवाह विच्छेद वाद परिवार न्यायालय हल्द्वानी में चल रहा था। इस मामले में ईशिता पाठक की ओर से अधिवक्ता बसन्त जोशी पैरवी कर रहे थे । मामले के विचाराधीन रहते 8 दिसम्बर 2018 को ईशिता का सामान व शैक्षिक दस्तावेज वापस कर दिये गए जिसमें अधिवक्ता बसन्त जोशी स्वयं गवाह भी बने जबकि मामले में पैरवी करने के कारण वे गवाह नहीं हो सकते थे, हालांकि वे बाद में उस मामले में पैरवी से अलग हो गए। यह विवाह विच्छेद 31 मई 2022 को हुआ । दूसरी ओर ईशिता पाठक ने एक अन्य वाद घरेलू हिंसा से सम्बंधित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के न्यायालय में दायर किया, जिसमें उन्होंने अनुतोष के साथ ही शैक्षिक दस्तावेज भी मांगे । इस वाद में भी बसन्त जोशी अधिवक्ता थे, जिसमें कोर्ट के सम्मन को डाक विभाग से भिजवाने की अपूर्ण व भ्रामक ऑन लाइन ट्रेकिंग रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई और कोर्ट को बताया गया कि आरोपी संदीप पाठक व अन्य को सम्मन मिल चुका है और वे कोर्ट में पेश नहीं हो रहे हैं । ईशिता पाठक की ओर से इस आशय का झूठा शपथ पत्र भी कोर्ट में दिया गया और इस मामले की जानकारी अधिवक्ता बसन्त जोशी को थी लेकिन उन्होंने अपनी मुवक्किला को इस गलत कृत्य से नहीं रोका। अधिवक्ता बसन्त जोशी परिवार न्यायालय के आदेश से हुए विवाह विच्छेद की डिक्री व उससे पूर्व ईशिता को लौटाए गए सामान व शैक्षिक दस्तावेज से भी अवगत थे लेकिन उन्होंने यह तथ्य भी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को नहीं बताए और दूसरे पक्ष संदीप पाठक व अन्य के खिलाफ एकपक्षीय निर्णय कराने में सफल रहे जबकि संदीप पाठक व अन्य को इस वाद की कोई जानकारी थी ही नहीं।

# प्राधिकरण की टीम ने अवैध टिन शेड को दोबारा सील किया

नैनीताल । जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को नगर के माउंट रोज कंपाउंड में अवैध रूप से बनाए गए टीन शेड को दोबारा सील किया।

जानकारी के मुताबिक हेमंत शाह और शरण दास की ओर से अवैध रूप से टिन शेड बनाया गया था जिसे प्राधिकरण ने दोबारा सील किया। इस दौरान जेई इकरा, महेश जोशी और पीआरडी जवान टीका सिंह मौजूद रहे।

# छात्रसंघ के चुनाव को लेकर अगली सुनवाई 18 दिसंबर को

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश में अभी तक छात्रसंघ के चुनाव नहीं कराए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश की एकलपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर (बुधवार) की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार किशन सिंह ने याचिका दायर कर कहा कि राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर कहा था कि सभी विवि सितंबर माह तक एडमिशन पूरा करके छात्र संघ का चुनाव सम्पन्न करा लें लेकिन कई विवि ने अक्टूबर माह तक तो छात्रों के एडमिशन कराए हैं जबकि सितंबर माह में चुनाव कैसे हो सकते हैं? यह आदेश गलत है इसपर रोक लगाई जाय। राज्य सरकार ने लिंगदोह कमेटी की रिपोर्ट तथा सर्वोच्च न्यायलय के दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया है। सर्वोच्च न्यायलय के दिशा निर्देश तथा लिंगदोह कमेटी की रिपोर्ट व यूजीसी की नियमावली में साफ कहा गया है कि हर विश्वविद्यालय का अपना एक शैक्षणिक कलेंडर होगा उसी के आधार पर सभी कार्यक्रम निर्धारित होंगे। कहा कि एडमिशन होने के आठ सप्ताह के बाद छात्र संघ के चुनाव भी होंगे। यहां राज्य सरकार ने कमेटी की रिपोर्ट तथा यूजीसी के नियमों व विश्वविद्यालय के नियमावली का उल्लंघन करके एक आदेश पारित कर दिया। सितंबर माह तक चुनाव कराने की तिथि तक नियत कर दी जब अक्टूबर माह तक एडमिशन हुए हैं तो सितंबर में बिना छात्रों के चुनाव कैसे सम्भव? राज्य सरकार को यह पावर नहीं है कि वह किसी भी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कलेंडर निर्धारित करे, यह केंद्र सरकार व यूजीसी को ही है।

# गौवंशीय पशु को घायल कर गायब करने वाले के खिलाफ कार्रवाई को कोतवाली में प्रदर्शन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रोष
- हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर सौंपी



गौवंशीय पशु पर एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर देने और बाद में गौवंशीय घायल पशु को गायब कर देने की घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठन के लोगों ने कोतवाली में प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने को तहरीर सौंपी।

गुस्साए लोगों का आरोप है कि प्रीत विहार कालौनी फाजलपुर-महरोला निवासी व्यक्ति ने गो वंशीय पशु को लोहे के धारदार भाला मारकर उसे घायल कर दिया। इस घटना की वीडियो में भी उपलब्ध है। उसके उपरान्त उक्त गो वशीय पशु वहाँ से गायब है। आशंका है कि भाला मारने वाले व्यक्ति ने घायल गो वंशीय पशु को गायब कर दिया है। गोवंशीय पशु के साथ जघन्य अपराध करने से हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है और हिन्दू समाज में बहुत रोष व्याप्त है। उन्होंने आशंका जताई कि उक्त व्यक्ति पहले भी इसी प्रकार से गोवशीय पशुओं को घायल कर चुका होगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्म प्रचार प्रमुख विश्वेंद्र सिंह ने तहरीर देकर उक्त जघन्य कार्य करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसके विरूद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही करते हुये घायल गोवंशीय पशु को बरामद करने की मांग की। इस दौरान विश्व हिंदू परिसर जिले गौ रक्षा प्रमुख सुल्तान सिंह, नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, राजेश पाल, विट्ठू शर्मा, नन्हे चौहान, मनीष रघुवंशी, राकेश कश्यप, मुकेश मौर्य, कल्पना सक्सेना, अजय पाल आदि लोग मौजूद रहे।